रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
सीईएन - 04/2026 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 04/2026 - JE, DMS, CMA

Test Date	27/10/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject / Exam Group	RRB JE DMS CMA CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB JE DMS CMA CBT I**

Q.1 भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 किस अधिकार से संबंधित है?

Ans A). धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार B). प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण C). शिक्षा का अधिकार D). समता का अधिकार

Correct Answer: B

Q.2 12 कुर्सियों और 5 मेजों की कीमत ₹6,300 है तथा 12 कुर्सियों और 4 मेजों की कीमत ₹5,100 है। 4 कुर्सियों और 17 मेजों की कीमत कितनी होगी?

Ans A). ₹20,503 B). ₹20,502 C). ₹20,500 D). ₹20,498

Correct Answer: C

Q.3 यदि $\sec^2\alpha + \tan^2\alpha = \frac{5}{3}$ है, तो $\tan 2\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). ± 1 B). $\pm\sqrt{3}$ C). $\pm\frac{1}{\sqrt{3}}$ D). 0

Correct Answer: B

Q.4 m का कौन-सा मान नीचे दिए गए समीकरण को संतुष्ट करता है?

$$\left(\frac{11}{4}\right)^{11} \times \left(\frac{4}{11}\right)^{12} \times \left(\frac{11}{4}\right)^{5} = \left(\frac{4}{11}\right)^{7m+17}$$

Ans A). -5 B). -3 C). -15 D). -4

Correct Answer: B

Q.5 एक बंद आयताकार बॉक्स की कोर की लंबाइयों का अनुपात 5 : 6 : 7 है। यदि इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 3424 cm^2 है, तो सबसे छोटे कोर की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). 18 cm B). 16 cm C). 20 cm D). 24 cm

Correct Answer: C

Q.6 88 − {7 − (−48) ÷ (−12)} का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 84 B). 85 C). 86 D). 83

Correct Answer: B

Q.7 यदि MOBILE शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans A). तीन B). एक C). एक भी नहीं D). दो

Correct Answer: C

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, सूर्य के प्रकाश और क्लोरोफिल का उपयोग करके अपने भोजन का संश्लेषण कर सकता है?

Ans A). कवक B). हरे पादप C). शाकाहारी D). सर्वाहारी

Correct Answer: B

Q.9 यदि एक वर्गाकार पार्क चारों ओर से 2.5 मीटर की एकसमान चौड़ाई के पथ से घिरा हुआ है तथा पथ का क्षेत्रफल 295 वर्ग मीटर है, तो पथ सहित पार्क का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 900 m^2 B). 1024 m^2 C). 729 m^2 D). 625 m^2

Correct Answer: B

Q.10 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

5 B 6 D 117 A 3 C 18 = ?

Ans A). 18 B). 9 C). 21 D). 13

Correct Answer: B

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सी धातु वायु में उपस्थित आर्द्र कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करती है, जिससे इसकी सतह से भूरे रंग की चमक धीरे-धीरे समाप्त हो जाती है तथा इस पर हरे रंग की परत चढ़ जाती है?

Ans A). जस्ता B). तांबा C). स्वर्ण D). एल्यूमीनियम

Correct Answer: B

Q.12 महिला के प्रजनन वर्षों (reproductive years) के दौरान प्रत्येक महीने में गर्भाशय का आंतरिक आस्तर मोटा क्यों हो जाता है?

Ans A). गर्भाशय में शुक्राणु के संचलन में सहायता करने के लिए B). परिपक्व अंडाणुओं के विमोचन में अंडाशय की सहायता करने के लिए

C). जननीय हार्मोन के स्राव को प्रेरित करने के लिए D). निषेचित अंडाणु के संभावित अंतर्रोपण की तैयारी के लिए

Correct Answer: D

Q.13 यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 – 4 ÷ 15 + 42 × 2 = ?

Ans A). 98 B). 94 C). 97 D). 96

Correct Answer: B

Q.14 उत्तर की ओर अभिमुख 54 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, फिरोज बाएं छोर से 23वें स्थान पर है। यदि सौरव, फिरोज के बाएं 5वें स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के दाएं छोर से सौरव किस स्थान पर बैठा है?

Ans A). 35वें B). 37वें C). 36वें D). 34वें

Correct Answer: B

Q.15 जब श्वेत प्रकाश किसी प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो वह रंगों के एक स्पेक्ट्रम में विभक्त हो जाता है। इन रंगों के क्रम को मुख्य रूप से कौन-सा कारक निर्धारित करता है?

Ans A). वह कोण जिस पर श्वेत प्रकाश प्रिज्म में प्रवेश करता है B). विभिन्न तरंगदैर्ध्य के लिए अपवर्तनांक में भिन्नता C). श्वेत प्रकाश पुंज की चौड़ाई D). प्रिज्म की ज्यामितीय आकृति

Correct Answer: B

Q.16 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 4 @ 9 # 1 % 7 & 2 $ 8 + 5 6

कूट J M W T H P L F D R A U K Q

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है, तो चौथे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।

(ii) यदि दूसरा अवयव एक विषम संख्या है और चौथा अवयव एक सम संख्या है, तो चौथे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।

(iii) यदि तीसरा अवयव एक प्रतीक है, तो पांचवें कूट को तीसरे कूट से प्रतिस्थापित करें।

निम्नलिखित के लिए कूट क्या है?

5 9 1 8 2

Ans A). KWH©D B). K©HAD C). KWHAD D). KWHWD

Correct Answer: A

Q.17 किसी चतुर्भुज के एक विकर्ण की लंबाई 54 cm है, और इस विकर्ण पर अन्य दो शीर्षों से डाले गए लंब की लंबाईयां क्रमशः 38 cm और 18 cm है। चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1812 cm^2 B). 1712 cm^2 C). 1512 cm^2 D). 1612 cm^2

Correct Answer: C

Q.18 एक विनिर्माता अपना विक्रय मूल्य, उत्पादन लागत से 26% अधिक निर्धारित करता है। यदि उत्पादन लागत 8% बढ़ जाती है और विनिर्माता अपने विक्रय मूल्य में 50% की वृद्धि कर देता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 72% B). 75% C). 76% D). 73%

Correct Answer: B

Q.19 पुस्तकों के एक सेट का अंकित मूल्य ₹2,000 है। एक पुस्तक विक्रेता अंकित मूल्य पर 15% की स्कीम छूट प्रदान करता है। ग्राहक द्वारा भुगतान किया जाने वाला निवल मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹1,700 B). ₹1,800 C). ₹1,750 D). ₹1,600

Correct Answer: A

Q.20 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
यदि 'Tm % Np + Dm # Gu % Pt' है, तो उपरोक्त के आधार पर Tm का Pt से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी के पिता B). माता के पिता C). पिता के पिता D). पुत्री के पति

Correct Answer: B

Q.21 परमाणु संख्या के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans A). परमाणु संख्या किसी उदासीन परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या निर्धारित करती है।

B). परमाणु संख्या किसी परमाणु में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या का योगफल होती है।

C). परमाणु संख्या हमेशा द्रव्यमान संख्या से अधिक होती है।

D). किसी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की हानि या उसे ग्रहण करने पर परमाणु संख्या में परिवर्तन होती है।

Correct Answer: A

Q.22 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अनुसार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के अध्यक्ष के रूप में कौन कार्य करता है?

Ans A). केंद्रीय गृह मंत्री B). अध्यक्ष, नीति आयोग C). कैबिनेट सचिव D). भारत के प्रधानमंत्री

Correct Answer: D

Q.23 एक निश्चित धनराशि को साधारण ब्याज पर निवेश करने पर यह 2 वर्ष में ₹1,750 और 3 वर्ष में ₹2,500 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर (% में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 100 B). 300 C). 125 D). 200

Correct Answer: B

Q.24 कोई गेंद एक ढलान पर 4 सेकंड के लिए 3 m/s^2 के नियत त्वरण के साथ नीचे लुढ़कती है। यदि यह विरामावस्था से लुढ़कना शुरू करती है, तो इसका अंतिम वेग ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3 m/s B). 16 m/s C). 7 m/s D). 12 m/s

Correct Answer: D

Q.25 केंद्र O और 10 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त में एक समबाहु त्रिभुज ABC अंतर्निहित है। उस वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए, जो समबाहु त्रिभुज ABC में अंतर्निहित है।

Ans A). 6 cm B). 8 cm C). 5 cm D). 4 cm

Correct Answer: C

Q.26 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए युग्मों के दो सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

GLR : EJV
MTS : KRW

Ans A). LHO : JFS B). JMN : HLR C). KKJ : IIM D). MXP : KZT

Correct Answer: A

Q.27 दिसंबर 2025 में, निम्नलिखित में से कौन, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 20,000 से अधिक रन बनाने वाले चौथे भारतीय क्रिकेटर बने?

Ans A). शिखर धवन B). रोहित शर्मा C). विराट कोहली D). सौरव गांगुली

Correct Answer: B

Q.28 रोहन, विक्रम का पुत्र है। विक्रम, नेहा का भाई है। नेहा, अर्जुन की पत्नी है। अर्जुन, प्रिया का पिता है। रोहन का प्रिया से क्या संबंध है?

Ans A). पिता की बहन का पुत्र B). माता के भाई का पुत्र C). पिता के भाई का पुत्र D). माता की बहन का पुत्र

Correct Answer: B

Q.29 भाबर (Bhabar) के दक्षिण में स्थित दलदली और वनाच्छादित तराई क्षेत्र किस राष्ट्रीय उद्यान के लिए प्रसिद्ध है?

Ans A). दुधवा राष्ट्रीय उद्यान B). काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान C). रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान D). गिर राष्ट्रीय उद्यान

Correct Answer: A

Q.30 एक शेफ रेस्टोरेंट के टोस्टर में एक नया हीटिंग फिलामेंट संस्थापित करता है। यह नया हीटिंग फिलामेंट पुराने फिलामेंट से लंबाई में दोगुना है और ऐसे पदार्थ से बना है जिसकी प्रतिरोधकता पुराने फिलामेंट से आधी है, लेकिन इसका अनुप्रस्थ-परिच्छेद क्षेत्रफल अपरिवर्तित रहता है। पुराने फिलामेंट की तुलना में, नए फिलामेंट के प्रतिरोध में क्या परिवर्तन होगा?

Ans A). यह पहले का आधा हो जाएगा B). यह पहले से दोगुना हो जाएगा C). यह पहले की तुलना में चार गुना अधिक हो जाएगा D). यह पहले के समान ही रहेगा

Correct Answer: D

Q.31 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

 # : KHO:: MJQ: %

Ans A). # = JGN, % = NLR B). # = JGM, % = NKR C). # = JGN, % = NKR D). # = JGN, % = NKS

Correct Answer: C

Q.32 जून 2026 में जारी रक्षा सेवाओं के लिए वित्तीय शक्तियों का संशोधित प्रत्यायोजन, मुख्य रूप से रक्षा प्रशासन के किस पहलू को सुदृढ़ करने पर केंद्रित था?

Ans A). खेल निकायों पर असैनिक नियंत्रण B). फील्ड कमांडरों की परिचालन दक्षता C). एकल विक्रेताओं के माध्यम से विदेशी खरीद D). अग्निवीरों के लिए भर्ती नियम

Correct Answer: B

Q.33 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). MP-GK B). IL-CG C). KN-EI D). DJ-AF

Correct Answer: D

Q.34 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 174 का संबंध 81 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 196 का संबंध 92 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 324 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 195 B). 237 C). 156 D). 298

Correct Answer: C

Q.35 जल चक्र के किस चरण के दौरान जल वाष्प, द्रव रूप में परिवर्तित हो जाता है, जिससे प्रायः मेघ बनते हैं?

Ans A). वाष्पोत्सर्जन B). संघनन C). वाष्पीकरण D). वर्षण

Correct Answer: B

Q.36 काली मृदा, जो अपनी उच्च आर्द्रता-धारण क्षमता और कपास की खेती हेतु अनुकूलता के लिए जानी जाती है, मुख्य रूप से दक्कन ट्रैप लावा (Deccan Trap lava) के अपक्षयण से निर्मित है और यह भारत के किस क्षेत्र में पाई जाती है?

Ans A). सिंधु-गंगा का मैदान B). पूर्वी हिमालय C). दक्कन का पठार D). थार मरुस्थल

Correct Answer: C

Q.37 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रयुक्त मौद्रिक नीति का एक परिमाणात्मक साधन है?

Ans A). प्रत्यक्ष कार्रवाई B). सांविधिक चलनिधि अनुपात C). बजट D). नैतिक प्रत्यायन

Correct Answer: B

Q.38 जून-जुलाई 2026 के दौरान आयोजित 75वीं लिंडाऊ नोबेल पुरस्कार विजेता बैठक (Lindau Nobel Laureate Meeting) की मेजबानी निम्नलिखित में से किस देश ने की, जहां युवा शोधकर्ताओं ने दुनिया भर के नोबेल पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की?

Ans A). स्विट्जरलैंड B). जर्मनी C). ऑस्ट्रिया D). स्वीडन

Correct Answer: B

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, योगात्मक अभिक्रिया कर सकता है, तथा इसकी संरचना की कौन-सी विशेषता इसे संभव बनाती है?

Ans A). प्रोपेन; क्योंकि इसमें केवल एकल आबंध होते हैं B). मेथेनोइक अम्ल; क्योंकि इसमें कार्बोक्सिलिक समूह होता है C). एथेनॉल; क्योंकि इसमें हाइड्रॉक्सिल समूह होता है D). एथीन; क्योंकि इसमें द्वि-आबंध होता है

Correct Answer: D

Q.40 A, B, U, V, Y, और Z में से प्रत्येक ने भिन्न अंक प्राप्त किए हैं। केवल दो लोगों ने V से कम अंक प्राप्त किए हैं। A ने U से ठीक अधिक अंक प्राप्त किए हैं। U और B के बीच केवल दो लोगों ने अंक प्राप्त किए हैं। Z ने Y से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। किसी ने भी B से कम अंक प्राप्त नहीं किए हैं। कितने लोगों ने Z से अधिक अंक प्राप्त किए हैं?

Ans A). एक B). तीन C). कोई भी नहीं D). दो

Correct Answer: C

Q.41 उत्तरी मैदान का पुराना जलोढ़ भूभाग, जो बाढ़ के मैदान के ऊपर वेदिका-समान आकृति (terrace-like features) निर्मित करता है, उसमें चूनेदार संग्रथन पाए जाते हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में _____ कहा जाता है।

Ans A). कल्लड़ (Kallar) B). भूर (Bhur) C). रेह (Reh) D). कंकड़ (Kankar)

Correct Answer: D

Q.42 एक पाइप किसी टंकी को 24 मिनट में भर सकता है, जबकि एक अन्य पाइप टंकी को 88 मिनट में खाली कर सकता है।

यदि दोनों पाइप को एक साथ खाली टंकी में खोल दिया जाए, तो टंकी का $\frac{1}{3}$ भाग भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans A). 11 B). 44 C). 33 D). 22

Correct Answer: A

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सा, राज्यसभा के सभापति के रूप में उपराष्ट्रपति का कर्तव्य नहीं है?

Ans A). विधेयकों और प्रस्तावों को मतदान के लिए रखना B). सदन में व्यवस्था बनाए रखना C). सदस्यों को बोलने की अनुमति देना D). प्रत्येक विधेयक में मतदान करना

Correct Answer: D

Q.44 निम्नलिखित को सरलीकृत कीजिये।

$100 - [20 + 5 \times (4^2 - 6)]$

Ans A). 33 B). 40 C). 30 D). 29

Correct Answer: C

Q.45 निम्नलिखित छह दशमलव संख्याओं का औसत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।
1.2, 2.4, 3.6, 4.8, 5.0, और 6.0

Ans A). 3.60 B). 3.83 C). 2.83 D). 4.25

Correct Answer: B

Q.46 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 41 है, तो x का मान कितना होगा?

वर्ग	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70
बारंबारता	48	39	43	25	X

Ans A). 22 B). 27 C). 20 D). 25

Correct Answer: C

Q.47 रवींद्रनाथ टैगोर को किस वर्ष, साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

Ans A). 1917 B). 1913 C). 1919 D). 1915

Correct Answer: B

Q.48 अथर्व को अमृतसर पहुंचने के लिए 20 घंटे में 918 km की दूरी तय करनी है। वह पहले 7 घंटे, 65 km/h की चाल से यात्रा करता है और फिर अगले 183 km की यात्रा 61 km/h की चाल से तय करता है। ठीक 20 घंटे में अमृतसर पहुंचने के लिए उसे शेष दूरी किस चाल से तय करनी चाहिए?

Ans A). 36 km/h B). 24 km/h C). 28 km/h D). 32 km/h

Correct Answer: C

Q.49 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
(बाएं) OPT DOG NOD HAT (दाएं)
दाएं से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 6 B). 10 C). 8 D). 7

Correct Answer: D

Q.50 एक पिंड को 250 N के नियत बल द्वारा क्षैतिज रूप से 7 m स्थानांतरित किया जाता है। इसके बाद इसे समान बल द्वारा ऊर्ध्वाधर रूप से 1 m ऊपर उठाया जाता है। किस स्थिति में अधिक कार्य किया जाता है?

Ans A). ऊर्ध्वाधर उठाने के दौरान अधिक कार्य किया जाता है क्योंकि यह गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध है। B). दोनों स्थितियों में समान कार्य किया जाता है क्योंकि अनुप्रयुक्त बल समान है।
C). क्षैतिज गति के दौरान अधिक कार्य किया जाता है क्योंकि विस्थापन अधिक है। D). क्षैतिज गति के दौरान कम कार्य किया जाता है क्योंकि पिंड को ऊपर नहीं उठाया गया है।

Correct Answer: C

Q.51 किसी वस्तु को उसके क्रय मूल्य पर 179% के लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य को आपस में बदल दिया जाए, तो इस सौदे में कितने प्रतिशत की हानि होगी? अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।

Ans A). 65.56% B). 64.16% C). 65.69% D). 64.13%

Correct Answer: B

Q.52 वर्ष 2026 में, भारत के AI शासन और नवाचार इकोसिस्टम में एआईकोश (AIKosh) का उल्लेख किया गया था। 'एआईकोश' मुख्य रूप से किससे संबंधित है?

Ans A). रक्षा खरीद अनुबंध B). AI डेटासेट और क्षेत्रीय मॉडल C). उपग्रह-प्रक्षेपण प्राधिकरण D). साइबर अपराध पुलिस स्टेशन

Correct Answer: B

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सा नेता, अपने द्वारा स्थापित संगठन से सुमेलित है?

Ans A). ज्योतिराव फुले - परमहंस मंडली B). स्वामी विवेकानंद - आर्य समाज C). एम. जी. रानाडे - ब्रह्म समाज D). सर सैयद अहमद खान - अलीगढ़ आंदोलन

Correct Answer: D

Q.54 एक नियंत्रित प्रयोगशाला प्रयोग में, एक ड्रोन सघन गैस से भरे एक सीलबंद टैंक के ऊपर गतिहीन अवस्था में रुका हुआ है। जैसे ही ड्रोन के रोटर त्वरित होते हैं, ड्रोन अचानक से ऊपर उठने लगता है, भले ही उसका समग्र द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है। न्यूटन के तृतीय नियम तथा ड्रोन और गैस के बीच क्रिया-प्रतिक्रिया युगलों की प्रकृति के संदर्भ में, कौन-सा कथन ड्रोन के उर्ध्वगामी संचलन (ऊपर की ओर संचलन) को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?

Ans A). ड्रोन अपने ऊपर और नीचे दाब का अंतर उत्पन्न करता है, लेकिन गैस पर रोटर द्वारा कोई प्रत्यक्ष बल नहीं लगाया जाता है।
B). सघन गैस पर रोटर से अप्रभावित रहती है, इसलिए ड्रोन केवल आंतरिक तंत्र के कारण ऊपर उठता है।
C). रोटर सघन गैस को नीचे की ओर धकेलते हैं, और गैस ड्रोन पर समान रूप से ऊपर की ओर बल लगाती है, जिससे वह ऊपर उठता है।
D). ड्रोन गैस के साथ परस्पर क्रिया किए बिना स्वयं को ऊपर की ओर उठाता है, इसलिए इसमें कोई प्रतिक्रिया बल नहीं लगता है।

Correct Answer: C

Q.55 BECOMINGS शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans A). एक B). दो C). चार D). तीन

Correct Answer: D

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-सा संरचनात्मक अभिलक्षण, धमनियों को उच्च रक्तचाप सहन करने में सक्षम करती है?

Ans A). मोटी, प्रत्यास्थ भित्तियां B). पतली, प्रत्यास्थ भित्तियां C). एक-कोशिका मोटी भित्तियां D). प्रतिवाह को रोकने वाले वाल्व

Correct Answer: A

Q.57 R, S, T, U, G, H और I एक गोल मेज के परित: उसके मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
G के दाएं से गिनने पर G और S के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। G, U के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है।
H, R के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। S और U दोनों का निकटतम पड़ोसी T है।
I के दाएं से गिनने पर I और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). तीन B). चार C). एक D). दो

Correct Answer: D

Q.58 एक गाड़ी को क्षैतिज पृष्ठ पर 30° के कोण पर 40 N का बल लगाकर 5.4 m तक खींचा जाता है। बल द्वारा किया गया कार्य (लगभग) कितना है?

Ans A). 169 J B). 175 J C). 187 J D). 135 J

Correct Answer: C

Q.59 जब प्रकाश की किरण वायु से कांच के उत्तल लेंस में प्रवेश करती है, तो क्या होता है?

Ans A). यह लेंस में प्रवेश करते हुए अभिलंब से दूर मुड़ जाती है B). यह लेंस में प्रवेश करते हुए अभिलंब की ओर मुड़ जाती है C). यह बिना मुड़े सीधी रेखा में आगे बढ़ती रहती है D). यह वायु में वापस परावर्तित हो जाती है

Correct Answer: B

Q.60 लव बिंदु A से शुरू करता है और पूर्व की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुक जाता है। कुश बिंदु P से शुरू करता है, जो बिंदु A से 13 km पूर्व में है, और पूर्व की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु Q पर रुक जाता है। बिंदु Q और बिंदु B के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 8 km B). 10 km C). 9 km D). 11 km

Correct Answer: C

Q.61 कैबिनेट मिशन प्लान से भारत का कौन-सा वायसराय जुड़ा था?

Ans A). लॉर्ड इरविन (Lord Irwin) B). लॉर्ड माउंटबेटन (Lord Mountbatten) C). लॉर्ड वेवेल (Lord Wavell) D). लॉर्ड लिनलिथगो (Lord Linlithgow)

Correct Answer: C

Q.62 किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध 98 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 का संबंध 154 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 25 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 195 B). 163 C). 182 D). 174

Correct Answer: C

Q.63 यदि किसी द्विपरमाण्विक तत्व X_2 का आणविक द्रव्यमान 70 u है, तो X का परमाण्विक द्रव्यमान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 70 u B). 17.5 u C). 35 u D). 140 u

Correct Answer: C

Q.64 $\dfrac{\left\{\left(\frac{2}{3}-\frac{1}{5}\right)^3+\left(\frac{1}{5}-\frac{1}{4}\right)^3+\left(\frac{1}{4}-\frac{2}{3}\right)^3\right\}}{\left\{\left(\frac{2}{3}\right)^2-\left(\frac{1}{5}\right)^2\right\}^3+\left\{\left(\frac{1}{5}\right)^2-\left(\frac{1}{4}\right)^2\right\}^3+\left\{\left(\frac{1}{4}\right)^2-\left(\frac{2}{3}\right)^2\right\}^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $5\frac{13}{125}$ B). 1 C). $1\frac{7}{60}$ D). $2\frac{114}{143}$

Correct Answer: D

Q.65 तीन प्रतिरोधक 8 Ω, 28 Ω और 36 Ω समांतर क्रम में जुड़े हुए हैं। तुल्य प्रतिरोध _____ है।

Ans A). 8.40 Ω B). 27.33 Ω C). 8.20 Ω D). 82.00 Ω

Correct Answer: A

Q.66 किसी संख्या के 40% को 120 में जोड़ने पर परिणाम के रूप में वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 80% ज्ञात कीजिए।

Ans A). 160 B). 180 C). 140 D). 120

Correct Answer: A

Q.67 उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े 67 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, दीक्षा बाएं छोर से 13वें स्थान पर है जबकि राघव दाएं छोर से 15वें स्थान पर है। दीक्षा और राघव के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans A). 39 B). 38 C). 40 D). 37

Correct Answer: A

Q.68 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प यह स्पष्ट करता है कि सूक्ष्मतरंगें और रेडियो तरंगें पृथ्वी को गर्म करने में बहुत कम योगदान क्यों देती हैं?

Ans A). इनमें बहुत कम ऊर्जा होती है B). वे बादलों द्वारा अवरुद्ध हो जाती हैं C). वे ओजोन द्वारा अवशोषित हो जाती हैं D). वे गैसों द्वारा विपाशित कर ली जाती हैं

Correct Answer: A

Q.69 परागण प्रयोगों के दौरान पुष्प को कपड़े के थैले से क्यों आच्छादित कर दिया जाता है?

Ans A). कोमल पादप को प्रबल वायु और वर्षा से बचाने के लिए B). वर्धित होते पादप को रोगग्रस्त होने से सुरक्षित रखने के लिए
C). अवांछित परागकणों को पुष्प तक पहुंचने से रोकने के लिए D). दलों की समग्र वृद्धि दर को त्वरित करने के लिए

Correct Answer: C

Q.70 7% चक्रवृद्धि मूल्यह्रास के दो वर्ष पश्चात, एक खिलौना कार का मूल्य ₹21,576 हो जाता है। पहले वर्ष के अंत में खिलौना कार का मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹23,200 B). ₹23,900 C). ₹22,500 D). ₹23,320

Correct Answer: A

Q.71 एक डिलीवरी रोबोट कन्वेयर बेल्ट पर एक पैकेज को आगे बढ़ाता है। यदि रोबोट पैकेज के द्रव्यमान को दोगुना कर देता है लेकिन त्वरण को अपरिवर्तित रखता है, तो अन्य अवरोधी बलों को नगण्य मानते हुए रोबोट द्वारा लगाए जाने वाले बल का क्या होगा?

Ans A). रोबोट के लिए आवश्यक बल पहले की तुलना में दोगुना हो जाता है B). रोबोट के लिए आवश्यक बल अपरिवर्तित रहता है
C). रोबोट के लिए आवश्यक बल पहले की तुलना में आधा हो जाता है D). रोबोट के लिए आवश्यक बल पहले की तुलना में चार गुना हो जाता है

Correct Answer: A

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
LIF, SPM, ZWT, GDA, ?

Ans A). NJI B). NKH C). OKH D). OLI

Correct Answer: B

Q.73 बिंदु M, N, X और T, वर्ग PQRS की भुजाओं PQ, QR, RS और SP पर क्रमशः स्थित हैं। यदि MNXT भी एक वर्ग है जिसका क्षेत्रफल, PQRS के क्षेत्रफल का 74.5% है, और XR > MQ है, तो MQ : XR का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 : 15 B). 5 : 14 C). 3 : 17 D). 4 : 5

Correct Answer: C

Q.74 केंद्र में राजनीतिक अनिश्चितता तथा भुगतान संतुलन की बिगड़ती स्थिति, बढ़ते ऋण भार, बढ़ते राजकोषीय घाटे, उद्योग में मंदी और मुद्रास्फीति के कारण भारत की किस पंचवर्षीय योजना को दो वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया था?

Ans A). आठवीं पंचवर्षीय योजना B). तीसरी पंचवर्षीय योजना C). चौथी पंचवर्षीय योजना D). दूसरी पंचवर्षीय योजना

Correct Answer: A

Q.75 सचिन, ₹45000 की धनराशि को 4% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 1 वर्ष के लिए निवेश करता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹46865 B). ₹46055 C). ₹47784 D). ₹46818

Correct Answer: D

Q.76 लोहे के प्रतीक Fe की उत्पत्ति के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

Ans A). इसके अयस्क का नाम फेरेट (ferrate) है। B). लोहे के रंग से लिया गया है। C). फ्रांस से लिया गया है क्योंकि यह पहली बार वहाँ पाया गया था।
D). इसके लैटिन नाम फेरम (ferrum) से लिया गया है।

Correct Answer: D

Q.77 एक विद्यार्थी जल में किसी पदार्थ का परीक्षण करता है और देखता है, कि वह नीले लिटमस पत्र को लाल कर देता है और विद्युत चालकता को बढ़ा देता है। पदार्थ की सर्वाधिक संभावित पहचान क्या है?

Ans A). एक क्षारक B). एक उदासीन पदार्थ C). एक अम्ल D). एक लवण

Correct Answer: C

Q.78 किसी निश्चित कूट भाषा में,
'honest successful person' को 'cf py kj' के रूप में कूटबद्ध किया गया है,
'honest reviews film' को 'cb iq cf' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और
'all successful reviews' को 'py yj iq' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट केवल दो-अक्षरीय कूट हैं।)

successful के लिए कूट क्या है?

Ans A). kj B). cf C). vj D). py

Correct Answer: D

Q.79 एक समचतुर्भुजाकार खेत के विकर्णों की लंबाई 138 m और 184 m है। खेत का परिमाप (m में) कितना होगा?

Ans A). 465 B). 460 C). 479 D). 445

Correct Answer: B

Q.80 **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, किसी रासायनिक यौगिक में स्थिर अनुपात के नियम को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?**

Ans A). वायु में स्थान के आधार पर विभिन्न मात्राओं में गैसें होती हैं। B). लवण में सोडियम और क्लोरीन का अनुपात बदल सकता है।
C). जल में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन सदैव एक निश्चित द्रव्यमान अनुपात में होते हैं। D). कॉपर सल्फेट में कॉपर और सल्फर की मात्रा भिन्न-भिन्न हो सकती है।

Correct Answer: C

Q.81 **सारणी में एक बिल्डिंग में रहने वाले विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों की संख्या प्रदर्शित की गई है। यदि आंकड़ों का बहुलक 39 है, तो f का मान ज्ञात कीजिए।**

आयु (वर्ष में)	व्यक्तियों की संख्या
0 –15	12
15 – 30	f
30 – 45	24
45 – 60	18
60 – 75	11
75 – 90	7

Ans A). 20 B). 12 C). 17 D). 15

Correct Answer: D

Q.82 **जब कोई जैवअनिम्ननीय (nonbiodegradable) पदार्थ लंबे समय तक पृथ्वी पर बना रहता है, तो क्या होता है?**

Ans A). यह आस-पास रहने वाले प्राणियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है B). यह प्रदूषण का कारण बनता है और पारितंत्र के सदस्यों को हानि पहुंचाता है
C). यह पर्यावरण के जल चक्र का संवर्धन करता है D). यह मृदा के पोषण को बढ़ाता है और पर्यावरण स्वास्थ्य का संवर्धन करता है

Correct Answer: B

Q.83 **दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?**

17 28 50 83 127 ?

Ans A). 182 B). 188 C). 193 D). 199

Correct Answer: A

Q.84 **जटिल स्थायी ऊतक में जाइलम वाहिकाओं के मुख्य कार्य का सटीक वर्णन निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

Ans A). तैयार भोजन का नीचे की ओर परिवहन करना B). राल और रबड़क्षीर संग्रहीत करना C). पादप को केवल सहारा प्रदान करना
D). जल और खनिजों का ऊपर की ओर परिवहन करना

Correct Answer: D

Q.85 **निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।**
(बाएं) R © @ G D $ @ % N P D # P D % N © F H $ Z H (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans A). 7 B). 5 C). 8 D). 4

Correct Answer: D

Q.86 **धातुओं के निष्कर्षण से पहले अयस्कों का समृध्दिकरण क्यों आवश्यक होता है?**

Ans A). अशुद्धियों को हटाकर धातु निष्कर्षण में आवश्यक लागत और ऊर्जा को कम करने के लिए
B). निष्कर्षण से पहले अयस्क की भौतिक अवस्था को ठोस से द्रव अवस्था में परिवर्तित करने के लिए C). अयस्क का भार बढ़ाने हेतु उसमें अशुद्धियाँ मिलाने के लिए
D). अयस्क को बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रमण के सीधे शुद्ध धातु में परिवर्तित करने के लिए

Correct Answer: A

Q.87 **अमीबा में जटिल पदार्थों का सरल पदार्थों में पाचन किस संरचना में होता है?**

Ans A). खाद्य-रसधानी के अंदर B). सीधे कोशिका द्रव्य में C). कोशिका झिल्ली पर D). केंद्रक के भीतर

Correct Answer: A

Q.88 **निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतीक, आवर्त सारणी में तत्व ऑक्सीजन को दर्शाता है?**

Ans A). H B). O C). N D). C

Correct Answer: B

Q.89 **निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।**

$$\frac{1}{\cos^2 80^\circ} - \tan^2 80^\circ$$

Ans A). $\cot^2 160^\circ$ B). 1 C). $\cot^2 40^\circ$ D). 0

Correct Answer: B

Q.90 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 छड़ियों R, D, A, L और X, में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सी छड़ी सबसे लंबी है?

कथन:
(I) A केवल दो छड़ियों से छोटी है। X, A से लंबी है।
(II) L, X से लंबी है।

Ans A). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
B). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
C). कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
D). कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

Correct Answer: D

Q.91 दो मित्रों, X और Y ने क्रमशः ₹180 और ₹240 की प्रारंभिक पूंजी अंशदान के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। वर्ष के अंत में, व्यवसाय से ₹17,297 का लाभ हुआ। लाभ में X का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 7,263 B). 7,313 C). 7,363 D). 7,413

Correct Answer: D

Q.92 पेट्रोल के मूल्य (प्रति लीटर) में 52% की वृद्धि हो जाती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत का परिवर्तन किया जाना चाहिए जिससे पेट्रोल पर कुल व्यय में केवल 14% की वृद्धि हो?

Ans A). 10% की वृद्धि B). 20% की कमी C). 25% की कमी D). 30% की वृद्धि

Correct Answer: C

Q.93 किसी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा गणित में प्राप्त औसत अंक 63 थे। लड़कों द्वारा प्राप्त औसत अंक, लड़कियों द्वारा प्राप्त औसत अंक से 20% अधिक हैं। यदि लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 5 : 8 है, तो लड़कियों द्वारा प्राप्त औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 59.7 B). 58.5 C). 58 D). 62

Correct Answer: B

Q.94 यदि दर्पण सूत्र में बिंब दूरी ऋणात्मक है, तो यह बिंब की स्थिति के संबंध में क्या इंगित करती है?

Ans A). बिंब फोकस बिंदु पर है B). बिंब वक्रता केंद्र पर है C). बिंब दर्पण के सामने रखा है D). बिंब दर्पण के पीछे है

Correct Answer: C

Q.95 ₹31500 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित कीजिए कि पहले भाग का $\frac{1}{2}$, दूसरे भाग का $\frac{1}{4}$ और तीसरे भाग का $\frac{1}{8}$ बराबर हों। पहला भाग (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4400 B). 4500 C). 4600 D). 4200

Correct Answer: B

Q.96 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3.6 7.8 12.0 16.2 20.4 24.6 ?

Ans A). 28.8 B). 27.8 C). 27.4 D). 28.6

Correct Answer: A

Q.97 समजातीय श्रेणी में निम्नलिखित में से क्या समान होता है?

Ans A). सामान्य सूत्र B). कार्बन परमाणुओं की संख्या C). आण्विक द्रव्यमान D). आण्विक सूत्र

Correct Answer: A

Q.98 महिलाओं में प्रत्येक माह अंडाशय से एक परिपक्व अंडाणु का निर्मुक्त होना _____ कहलाता है।

Ans A). निषेचन (Fertilization) B). आर्तव (Menstruation) C). अंतर्रोपण (Implantation) D). अंडोत्सर्ग (Ovulation)

Correct Answer: D

Q.99 72 km/h की चाल से गतिमान 382 m लंबी रेलगाड़ी, एक प्लेटफॉर्म को 30 सेकंड में पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 216 B). 217 C). 215 D). 218

Correct Answer: D

Q.100 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) % S = T A # O M O H E Z E L R U V & J C / (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अक्षर है?

Ans A). एक B). तीन C). चार D). दो

Correct Answer: B

"